भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2693**

05 अगस्त, 2025 को उत्तरार्थ

## कृषि क्षेत्र में भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

2693. श्री कुलदीप इंदौराः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देशभर के कई किसान संगठनों ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से कृषि क्षेत्र को पूरी तरह बाहर रखने की मांग की है क्योंकि इससे अमेरिकी उत्पादों के भारतीय बाजार में आने से कीमतें सस्ती हो सकती हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त मुद्दे पर सरकार द्वारा विभिन्न किसान संघों, सहकारी सिमितियों और राज्य सरकारों से मांगी गई औपचारिक राय का ब्यौरा क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने इस संभावना पर विचार किया है कि यदि अमेरिकी कृषि उत्पाद खुले बाजार में प्रवेश करते हैं, तो फसल की कीमतों और भारतीय किसानों की आय दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए कोई स्पष्ट नीति जैसे कि इस समझौते में आय सुरक्षा गारंटी, टैरिफ संरक्षण और घरेलू उत्पादन को प्राथमिकता देने वाली शर्तें शामिल करना बना रही है?

**उत्तर**

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (घ): भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा में भारत सक्रिय रूप से शामिल है जिसका उद्देश्य विकास को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापार और निवेश को बढ़ाना तथा भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों को सुदृढ़ करना है, जिससे विशेष रूप से कृषि उत्पादों सहित श्रम सघन क्षेत्र में निष्पक्षता, राष्ट्रीय सुरक्षा और रोजगार सृजन सुनिश्चित होगा। वर्तमान चर्चाओं में इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि पारस्परिक रूप से मार्केट एक्सेस बढ़ाकर, टैरिफ एवं नॉन-टैरिफ बाधाओं को कम करके और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण को सुदृढ करके द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने और बढ़ाने हेतु एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने की दिशा में कैसे आगे बढ़ा जाए।

इसके अतिरिक्त, अमेरिका सहित हमारे अंतर्राष्ट्रीय पार्टनरों के साथ व्यापार समझौतों पर चर्चा के दौरान हमारे किसानों के आजीविका से जुड़े हित और खाद्य सुरक्षा की आवश्यकताएं सरकार के लिए सदैव सर्वोपरि रही हैं।

*****